भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1298

उत्तर देने की तारीख 30 जुलाई, 2026

तेलंगाना में डिजिटल कनेक्टिविटी का विस्तार

1298. **श्री रविचंद्र वद्दीराजू:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या तेलंगाना के ग्रामीण क्षेत्रों तक भारतनेट का विस्तार किया गया है;

(ख) हैदराबाद आईटी कॉरिडोर में 5जी रोलआउट को सुदृढ़ करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) क्या राज्य के ज़िलों में डाक सेवाओं को आधुनिक बनाया जा रहा है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) जी हां। सरकार ने मौजूदा भारतनेट नेटवर्क के उन्नयन, शेष ग्राम पंचायतों (जीपी) में नेटवर्क तैयार करने और ग्राम पंचायतों के संचालन और रखरखाव के लिए एक डिजाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव मॉडल के तहत संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (एबीपी) को मंजूरी दी है। भारत सरकार ने तेलंगाना सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और राज्य में एबीपी के कार्यान्वयन के लिए तेलंगाना सरकार को सैद्धांतिक अनुमोदन के बारे में सूचित कर दिया है।

(ख) हैदराबाद में 5जी रोल आउट को सुदृढ़ करने के लिए, हैदराबाद में आईटी कॉरिडोर सहित सभी आईटी पार्कों में संस्थापित इन-बिल्डिंग सोल्यूशन साइटों सहित 246 से अधिक 4जी/5जी साइटों को तैयार किया गया है।

(ग) डाक विभाग की सूचना प्रौद्योगिकी आधुनिकीकरण परियोजना 2.0 के भाग के रूप में, तेलंगाना सर्किल के सभी डाकघरों, जिनमें 36 प्रधान डाकघर और 760 उप डाकघर शामिल हैं, को उन्नत डाक प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग के अनुरूप बना दिया गया है, जिससे विभिन्न डाक सेवाएं प्रदान करने के लिए एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफार्म मिलेगा। इसके अलावा, डाकघर बचत बैंक के लिए कोर बैंकिंग सॉल्यूशन प्लेटफॉर्म के माध्यम से, तेलंगाना के सभी डाकघरों में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक-पोस्ट ऑफिस सेविंग अकांट्स लिंकेज के माध्यम से एटीएम एक्सेस, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर पेमेंट, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एनईएफटी/आरटीजीएस, ई-पासबुक, ई-केवाईसी और यूपीआई सहित आधुनिक डिजिटल सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। इसके अलावा, तेलंगाना डाक सर्किल के सभी 5,427 शाखा डाकघरों को भी ग्रामीण क्षेत्रों में डाक, बैंकिंग और बीमा सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल रूरल एंटरप्राइज एप्लिकेशन फॉर मोबाइल ऐप से युक्त मोबाइल उपकरण प्रदान किए गए हैं। अंतिम छोर तक सेवा प्रदायगी दक्षता और सेवा विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए वाहनों का उपयोग करके मशीनीकृत प्रदायगी के साथ केंद्रीकृत वितरण केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, स्पीड पोस्ट वस्तुओं को जल्दी पहुंचाने, गारंटीकृत और समयबद्ध सेवा प्रदायगी के लिए हैदराबाद सहित छह महानगरों में 24/48 स्पीड पोस्ट सेवाएं शुरू की गई हैं।

*****